डॉ. टी.वी. सोमनाथन
Dr. T.V. Somanathan

सत्यमेव जयते

मंत्रिमंडल सचिव
भारत सरकार
CABINET SECRETARY
GOVERNMENT OF INDIA

# संदेश

"हिंदी दिवस 2025" के अवसर पर आप सभी को मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ!

हिंदी भाषा को संविधान सभा ने 14 सितंबर 1949 को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था, और तब से यह दिन हर साल हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। हिंदी दिवस का उद्देश्य हिंदी भाषा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इसे प्रोत्साहित करना है।

साहित्यिक दृष्टि से हिंदी भाषा समृद्ध होने के साथ, अब यह कम्प्यूटर, इंटरनेट और सोशल मीडिया की भाषा भी बन गई है। यह कला, वाणिज्य और विज्ञान तीनों अकादमिक विषय-धाराओं की भाषा के साथ–साथ विश्व के अनेक देशों में बोली, समझी और पढ़ी जाने वाली भाषा भी बन गई है।

संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार, हम सभी अपने–अपने मंत्रालयों और विभागों में हिंदी का प्रयोग बढ़ाने पर जोर देते हैं। आज हमारे पास हिंदी में काम करने के सभी तकनीकी संसाधन, उपकरण और सॉफ्टवेयर उपलब्ध हैं। हम सब हिंदी समझते, बोलते, पढ़ते और लिखते भी हैं, और हमने अपने प्रयासों से पर्याप्त सकारात्मक परिणाम प्राप्त किए हैं, तथापि हमें अभी इस दिशा में और प्रगति करनी है।

आइए, हिंदी दिवस के इस अवसर पर हम सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने में अपना योगदान सुनिश्चित करें।

जय हिंद !

सोमनाथन

(टी. वी. सोमनाथन)

14 सितम्बर 2025

Cabinet Secretariat, Rashtrapati Bhavan, New Delhi-110004
Tel.: 011-23016696, 23011241 Fax : 011-23018638 E-mail : cabinetsy@nic.in